बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण

(आपदा प्रबंधन विभाग, बिहार सरकार)

डी-ई ब्लॉक, सरदार पटेल भवन, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना – 800023

अति अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना

पत्रांक : 1982 **दिनांक :** 01/07/2026

बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की विभिन्न गतिविधियों, कार्यक्रमों एवं उपलब्धियों के प्रभावी प्रस्तुतीकरण हेतु लगभग **10–15 मिनट** अवधि की एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म का अद्यतनकरण तथा उसका उच्च गुणवत्ता युक्त **अंग्रेजी संस्करण** तैयार कराया जाना है।

डॉक्यूमेंट्री फिल्म में माननीय मुख्यमंत्री एवं अध्यक्ष, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, **श्री सम्राट चौधरी** के नेतृत्व में संचालित प्रमुख पहलों, कार्यक्रमों एवं उपलब्धियों को समाहित किया जाएगा। साथ ही राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुतीकरण हेतु फिल्म का अंग्रेजी संस्करण भी तैयार किया जाना अपेक्षित है।

उक्त कार्य के निष्पादन हेतु **सूचना एवं जनसंपर्क विभाग (IPRD), बिहार सरकार में सूचीबद्ध पंजीकृत एवं अनुभवी फिल्म निर्माण एजेंसियों से सीलबंद कोटेशन** आमंत्रित किए जाते हैं।

कोटेशन की विवरणी एवं शर्तें निम्नवत् हैं :-

1. उपलब्ध डॉक्यूमेंट्री फिल्म का अद्यतनकरण, आवश्यक नवीन वीडियो, ग्राफिक्स एवं सामग्री का समावेश।
2. डॉक्यूमेंट्री फिल्म का उच्च गुणवत्ता युक्त अंग्रेजी संस्करण (स्क्रिप्ट अनुवाद, अंग्रेजी वॉइस ओवर, संपादन एवं पोस्ट-प्रोडक्शन सहित) तैयार करना।
3. वॉइस ओवर, बैकग्राउंड संगीत, ग्राफिक्स, एनिमेशन, कलर करेक्शन एवं अन्य पोस्ट-प्रोडक्शन कार्य।
4. अंतिम आउटपुट Full HD गुणवत्ता में आवश्यक डिजिटल फॉर्मेट में उपलब्ध कराना।
5. कुल लागत (जीएसटी सहित) अंकित करना।
6. कार्यादेश प्राप्त होने के उपरांत कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण करना होगा।

- **कोटेशन जमा करने की अंतिम तिथि:** 6-7-2026 (अपराह्न 3 बजे तक)
- **त्रि-सदस्यीय समिति के समक्ष कोटेशन खोलने की तिथि:** 7-7-2026 (पूर्वाह्न 11 बजे)
- **लिफाफे के ऊपर अंकित करें: -**

"बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म के अद्यतनकरण एवं उसके अंग्रेजी संस्करण के निर्माण हेतु वर्क कोटेशन"

- **कोटेशन हाथों-हाथ अथवा डाक के माध्यम से निम्न पते पर भेजी जा सकती है :**

सचिव,

बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण,

डी-ई ब्लॉक, सरदार पटेल भवन, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना – 800023

01/07

सचिव